Regarding reported killing of a girl in Bihar

श्री राम कृपाल यादव **(पाटलिपुत्र):** माननीय सभापति जी, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि आपने एक बहुत ही संवेदनशील विषय पर मुझे बोलने की इजाजत दी है। मैं बहुत ही पीड़ा के साथ आपका और आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र मसौढ़ी में कल सुबह नौ से दस बजे के बीच अनामिका नामक एक बेटी, जो मात्र 17 साल की नाबालिग दलित बेटी थी, अपने घर से कोचिंग के लिए जा रही थी। थाने के ठीक सामने क्लोज रेंज से उसे गोली से मार दिया गया। उसका क्या कसूर था? वह कमलेश पासवान की बेटी नहीं, बल्कि देश की बेटी थी, जो दलित समाज से आती थी। आम आवाम कैसे बिहार में सुरक्षित रहेगी?

सर, अब मैं दूसरी घटना की जानकारी दे रहा हूं। अब से करीब एक महीने पहले थाने के ठीक सामने, जो रानी तालाब विक्रम के अंतर्गत आता है। ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** राम कृपाल जी, आप अपनी डिमांड करिए।

श्री राम कृपाल यादव **:** सर, मैं कहना चाहता हूं कि देवराज यादव नाम के व्यक्ति को जो व्यवसायी था, उसको भी गोली का शिकार होना पड़ा। बिहार में अराजकता की स्थिति है। हर दिन गोली**,** यही नहीं पुलिस भी असहाय हो गई है। पुलिस के सामने डकैती होती है, रोज हत्याएं होती हैं। पटना राजधानी में कोई ऐसा दिन नहीं है**,** जिस दिन कोई हत्या न होती हो। पूरे बिहार में अराजकता की स्थिति है। लोग कैसे सुरक्षित रहेंगे?

मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि दलित बेटी के साथ न्याय कीजिए। अपराधी को तुरंत गिरफ्तार कीजिए, स्पीडी ट्रायल कीजिए और उसको फांसी की सजा दीजिए। ? (व्यवधान)